# भोपाल में ग्रीन भारत एक्सपो

## चर्चा में क्यों?

मध्यप्रदेश के **भोपाल** में तीन दिवसीय **ग्रीन भारत एक्सपो** का 23 मार्च 2025 को समापन हुआ। **जिसमें देशभर की प्रतिष्ठित कंपनियों, निर्माताओं और संभावित निवेशकों** ने भाग लिया।

## मुख्य बिंदु

- **एक्सपो के बारे में:**
  - आयोजन
    - एक्सपो का आयोजन **इमेजिन इवेंट और डिक्की** द्वारा किया गया था।
  - **उद्देश्य**
    - इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य **ग्रीन एनर्जी और उद्यमिता को बढ़ावा देना** था
  - **मुख्य आकर्षण:**
    - सौर ऊर्जा: बचत और व्यवसाय का सुनहरा अवसर।
    - बिजली बिल से छुटकारा: सोलर सिस्टम अपनाने पर 30 साल तक मुफ्त बिजली का लाभ।
    - लाखों की सब्सिडी: सरकार की योजनाओं के तहत सोलर पैनल और लाइट्स पर आकर्षक सब्सिडी।.
    - ई-व्हीकल्स की विस्तृत रेंज: घरेलू एवं व्यावसायिक उपयोग के लिये इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रदर्शन।

## हरित ऊर्जा

- **हरित ऊर्जा (Green energy)** नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त ऊर्जा के लिये प्रयुक्त शब्द है। हरित ऊर्जा को प्रायः स्वच्छ, सतत या **नवीकरणीय ऊर्जा** के रूप में भी जाना जाता है।
  - हरित ऊर्जा का उत्पादन वायुमंडल में जहरीली **ग्रीनहाउस गैसों** का उत्सर्जन नहीं करता, जिसका अर्थ है कि यह बहुत कम (या नगण्य) पर्यावरणीय प्रभाव डालता है।
- हरित ऊर्जा स्रोतों में सौर, **पवन, भूतापीय, बायोगैस, पनबिजली** और कुछ योग्य बायोमास स्रोतों द्वारा उत्पादित बिजली शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/green-india-expo-in-bhopal